# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (03.10.2024)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE : 03.10.2024, PAGE-06**

# आजादी को अक्षुण्ण बनाए रखने की जरूरत: विस अध्यक्ष

**गांधी जयंती**

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू के सीनेट हॉल में बुधवार को गांधी जयंती पर स्वच्छता से सत्याग्रह विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव थे। अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने की। कार्यक्रम से पहले विधानसभा अध्यक्ष ने महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि दी।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि अपनी आजादी को अक्षुण्ण रखने की आवश्यकता है। यह आजादी हमने सत्याग्रह के विचार से हासिल किया है। पूर्व मंत्री सुरेश शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय ने स्वास्थ्य केंद्र को पुनः प्रारंभ करके नेक कार्य किया है। उन्होंने घोषणा की कि विवि से रेफर्ड रोगियों का उनका मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल निःशुल्क उपचार करेगा। इस मौके पर डॉ. राजेश जायसवाल एवं डॉ. वैष्णव को विधानसभा अध्यक्ष ने सम्मानित किया।

**गांधी के चरित्र को जीवन में उतारें छात्र: वीसी:** बीआरएबीयू में एनएसएस की तरफ से स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर कुलपति ने भी परिसर की सफाई की। उन्होंने कहा कि छात्र महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चरित्र को जीवन में उतारें। कार्यक्रम में एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ. विकास कुमार भी मौजूद रहे। सफाई अभियान में डॉ. रमेश विश्वकर्मा, डॉ. अशोक कुमार निगम, डॉ. अनुराधा सिंह, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. पचौरी, डॉ. उमेश श्रीवास्तव शामिल रहे।

**एलएसटी में चला स्वच्छता अभियान:** एलएसटी महाविद्यालय में एनएसएस के तत्वावधान में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. संतोष कुमार, प्राचार्य डॉ. अभय कुमार सिंह ने अपने विचार रखे। एसडीडीएम कॉलेज में एनएसएस द्वारा महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनके चित्रों पर माल्यार्पण और महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

**पूर्व मंत्री की भी जयंती मनाई:** एसकेजे लॉ कॉलेज में महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं महाविद्यालय के संस्थापक सचिव एलपी शाही की जयंती मनाई गई। आरबीबीएम कॉलेज की प्राचार्य डॉ. ममता रानी, विवि के सीसीडीसी डॉ. मधु सिंह, सीनेटर डॉ. रेणुबाला, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केकेएन तिवारी, उप-प्राचार्य ब्रजमोहन आजाद, प्रशासक रत्नेश भारद्वाज, नैक समन्वयक आशुतोष कुमार, कांग्रेस नेता अरविन्द कुमार सिंह व कृपाशंकर शाही आदि मौजूद थे।

**लोजपा कार्यालय में मनी जयंती:** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के कार्यालय में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव पंकज सिंह, प्रदेश प्रधान महासचिव डॉ. आसिफ मंटू, जिला उपाध्यक्ष शशि कुमार सिंह, सुमनकांत झा राजेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। गांधी शांति प्रतिष्ठान में सर्वधर्म प्रार्थना और संकल्प सभा का आयोजन किया गया। लंगट सिंह कॉलेज के गांधी उद्यान में गांधी-प्रतिमा के निकट सर्वधर्म प्रार्थना की गई, गांधी को याद किया गया।

### महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को किया याद

मुजफ्फरपुर। शहर के अटल सभागार में महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। अध्यक्षता पूर्व मंत्री सुरेश शर्मा ने की। पूर्व मंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी ने हमें सिखाया कि सत्य और अहिंसा से बड़ी कोई ताकत नहीं होती। शास्त्री जी ने हमारी सेनाओं को प्रेरित किया और देश की रक्षा में अद्वितीय योगदान दिया। मौके पर पीतम सिंह आजाद, हरिराम मिश्र, परशुराम मिश्र, नंद किशोर ठाकुर, तेज प्रकाश, जीतेश कुमार, अमित कुमार, मोहन सिंह आदि थे।



विश्वविद्यालय में बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव का अभिनंदन करते कुलपति।

### सहबाजपुर में आम के पौधों का किया गया वितरण

मुजफ्फरपुर। गांधी जयंती पर सक्षम पंचायत विकसित भारत अभियान के तहत मुशहरी प्रखंड की सहबाजपुर पंचायत के पंचायत भवन में बुधवार को आम सभा हुई। इसमें पंचायत के करीब पांच सौ लोग शामिल हुए। इस दौरान बोचहां विधायक अमर पासवान व मुखिया नसरा बानो ने 75 लोगों के बीच आम के पौधों का वितरण किया। साथ ही इनको लगाकर उचित देखभाल करने की सलाह दी। मौके पर मो. दिलावर, कुमार कृष्ण, उमा शंकर सिंह, संजय राय, सुरेंद्र पासवान, अशोक चौधरी, मनोज साह, शंभू रजक, नूतन कुमारी, बबलू पासवान, श्याम सुंदर कुमार सहित सभी आंगनबाड़ी सेविका मौजूद थीं।

# जयंती पर जिले में 537 सोख्ता का निर्माण शुरू

मुजफ्फरपुर, वरीय संवाददाता। महात्मा गांधी और देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पूरे जिले में बुधवार को धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान सरकार से लेकर निजी स्तर पर कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जिला प्रशासन द्वारा पिछले 15 दिनों से मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा का समापन भी किया गया। हालांकि, जिले में बाढ़ की विभिषिका को देखते हुए यह कार्यक्रम काफी सादगी से संपन्न हुआ। 537 सोख्ता का निर्माण कार्य बुधवार से शुरू हुआ।

समापन कार्यक्रम की शुरुआत जिले में सोख्ता निर्माण करा कर की गई। मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल उप विकास आयुक्त श्रेष्ठ अनुपम ने बताया कि पिछले एक दशक से दो अक्टूबर को गांधी जयंती पर 15 दिन पहले से ही स्वच्छता को लेकर स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जाता है। इस साल भी इसकी शुरुआत 17 सितंबर से जल संरक्षण अभियान के साथ शुरू की गई थी। इस अभियान के दौरान सभी प्रखंडों में सोख्ता का निर्माण किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम बेहद सादगी से मनाया गया। इसी कार्यक्रम में जल जीवन हरियाली मिशन के तहत सोख्ता बनाने का निर्णय लिया गया। 537 सोख्ता का निर्माण बुधवार से शुरू हुआ।

### मदर टेरेसा स्कूल के दोनों विंग में मनी गांधी जयंती

मुजफ्फरपुर। मदर टेरेसा विद्यापीठ के मनिका और मिठनपुरा दोनों ही शाखाओं में गांधी और शास्त्री जयंती मनाई गई। पूर्व विज्ञान शिक्षक डॉ. कुलभूषण पूर्व इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। प्रिंसिपल विनीता कुमारी ने विषय वस्तु का परिचय दिया। निदेशक सतीश कुमार झा ने गांधीवादी और शास्त्री दर्शन के व्यावहारिक पहलुओं पर चर्चा की।

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE : 03.10.2024, PAGE-06


# 20 साल बाद दोबारा खुला बीआरएबीयू का हेल्थ सेंटर

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू का हेल्थ सेंटर 20 वर्षों के बाद दोबारा बुधवार को खुला। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने हेल्थ सेंटर का उद्घाटन किया। इस मौके पर कुलपति दिनेश चंद्र राय, रजिस्ट्रार प्रो. अपराजिता कृष्ण, प्रॉक्टर प्रो. विनय शंकर राय, प्राचार्य डॉ. ओपी राय भी मौजूद रहे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि विवि के हेल्थ सेंटर से छात्रों को इलाज के लिए बाहर नहीं जाना होगा। बीआरएबीयू का यह बहुत बेहतर कदम है।

कुलपति ने कहा कि इस हेल्थ सेंटर में सभी बेसिक दवाएं मौजूद रहेंगी। हेल्थ सेंटर सुबह आठ से शाम चार बजे तक खुला रहेगा। सेंटर में सुबह 9 से 12 बजे तक डॉक्टर बैठेंगे। सप्ताह में छह दिन ओपीडी चलेगी। हेल्थ सेंटर के लिए विवि प्रशासन ने दो निजी अस्पतालों से एमओयू किया है। विवि के हेल्थ सेंटर से जो भी मरीज इन दोनों अस्पतालों में रेफर किये जाएंगे वहां मरीजों का आधी दर पर इलाज किया जाएगा। कुलपति ने बताया कि एक और निजी अस्पताल संपर्क में है। कुलपति ने कहा कि हेल्थ सेंटर में फिजिशियन के साथ आंख के डॉक्टर भी बैठेंगे। सेंटर में पारा मेडिकल स्टाफ की भी तैनाती रहेगी। आंख के चश्मे का नंबर भी हेल्थ सेंटर में दिया जाएगा।

विधानसभा अध्यक्ष ने सेंट्रल लाइब्रेरी में बने एलुमिनी एसोसिएशन के रूम का भी उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने विवि के पूर्ववर्ती छात्रों से संबंधित होने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी ली।

## लंदन व न्यूयॉर्क में बनेगा विवि का एलुमिनी केंद्र

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू अपना एलुमिनी केंद्र लंदन और न्यूयॉर्क में भी खोलेगा। इसके लिए तैयारी शुरू हो गई है। बीआरएबीयू में बुधवार से शुरू हुए एलुमिनी एसोसिएशन के कार्यालय में सदस्यों ने इस बारे में काम करना शुरू कर दिया। पिछले दिनों विवि में हुई एसोसिएशन की बैठक में कुलपति ने विदेशों में एलुमिनी सेंटर खोलने की बात कही थी। एसोसिएशन में अबतक 10 लाख से अधिक रुपये जमा हो चुके हैं। बिहार विवि का एलुमिनी एसोसिएशन रजिस्टर्ड भी हो चुका है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR**
**DATE : 03.10.2024, PAGE-05**

# विवि में खुला स्वास्थ्य केंद्र विस अध्यक्ष ने किया उद्घाटन



विवि में स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन करते विस अध्यक्ष नंदकिशोर यादव।

सिटी रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

बाबा साहेब भीमराव अम्बेदकर बिहार विश्वविद्यालय में स्वास्थ्य केंद्र खुल गया। बुधवार को इसका उद्घाटन बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने किया। इसके पहले सीनेट हॉल में महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। विस अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रपिता की जयंती के दिन उद्घाटन करना सराहनीय है। कहा कि आजादी हमनें सत्याग्रह के विचार से हासिल किया। इसलिए सत्याग्रह को आज इस रूप में लेने की जरूरत है कि देश विरोधी ताकतों से सख्त विरोध होना चाहिए। मौके पर कुलपति प्रो. दिनेशचंद्र राय, पूर्व मंत्री सुरेश शर्मा, कुलानुशासक प्रो. विनय शंकर राय, डॉ. केके चौधरी, डॉ. राजेश जायसवाल, डॉ. वैष्णव, अल्मुनाई एसोसिएशन के संयोजक संजय सिन्हा, आईक्यूएसी के निदेशक प्रो. कल्याण झा, प्रो. ओपी राय, डॉ. ममता रानी, प्रो. इंदुधर झा, प्रो. कुसुम कुमारी, प्रो. विनीता वर्मा, प्रो. रेणु कुमारी, प्रो. रजनीश गुप्ता, प्रो. पंकज कुमार आदि थे। संचालन डॉ. राजेश्वर कुमार व धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डॉ. अपराजिता कृष्णा ने किया।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE : 03.10.2024, PAGE-04**

# स्वभाव में स्वच्छता जरूरी : विस अध्यक्ष

## स्वच्छाग्रह से सत्याग्रह की ओर बढ़ते कदम विषय पर कार्यक्रम को किया संबोधित

- बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में 20 वर्षों से बंद पड़े हेल्थ सेंटर का किया उद्घाटन
- सीनेट हाल में कार्यक्रम में कहा विश्वविद्यालय में परिवर्तन का कुलपति का संकल्प प्रशंसनीय

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर :** बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने कहा कि महात्मा गांधी का मुजफ्फरपुर से विशेष लगाव था। अगर मोहन दास महात्मा गांधी कहलाए, तो इसमें मुजफ्फरपुर की धरती का भी योगदान है। चंपारण सत्याग्रह की शुरुआत यहीं से हुई। कहा कि स्वच्छता स्वभाव में होनी चाहिए। केवल दिखावटी स्वच्छता से कोई लाभ नहीं है। अगर हम स्वच्छता की आदत बनाएंगे तो दवाओं पर होने वाला हजारों-लाखों का खर्च आधा से भी कम जाएगा। वे बुधवार गांधी जयंती पर विश्वविद्यालय में हेल्थ सेंटर के उद्घाटन के बाद सीनेट हाल में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। विषय था सत्याग्रह से स्वच्छाग्रह की ओर। उन्होंने कहा कि कोई भी समाज या शैक्षणिक संस्थान जब तक अपनी कमियों को ध्यान में नहीं रखेगा तब तक वह आगे नहीं बढ़ सकता है। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में विकास की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि कुलपति प्रो. डीसी राय का विश्वविद्यालय में परिवर्तन का संकल्प प्रशंसनीय है। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष ने विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र और एलुमनी एसोसिएशन के कार्यालय का उद्घाटन किया। वहीं बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डीसी राय ने कहा कि 20 वर्षों से बंद पड़े हेल्थ सेंटर के उद्घाटन के लिए काफी कम समय में तैयारी की गई है। यहां छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों को निशुल्क इलाज की सुविधा मिलेगी। हर कार्य दिवस में सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक ओपीडी का संचालन होगा। वहीं सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक डाक्टर उपलब्ध होंगे। यहां आने वाले दिनों में आंख की जांच होगी। वहीं यहां से रेफर हुए मरीजों को करार किए गए अस्पताल में आधी दर पर इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। स्वागत भाषण प्राक्टर प्रो. बीएस राय ने किया। उन्होंने अब तक की विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी। वहीं चार्टर एकाउंटेंट केके चौधरी ने कहा कि परिषद का विश्वविद्यालय के साथ करार हुआ है। जांच और फिजियोथेरेपी भी इसीएचएस दर पर होगी। यहां से रेफर होने वाले मरीजों को 50 प्रतिशत छूट पर इलाज और जांच की सुविधा मिलेगी। फिजियोथेरेपी में भी छूट का लाभ मिलेगा। पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा ने कहा कि उनके अस्पताल के सहयोग से यहां से रेफर मरीजों के लिए मुफ्त इलाज और आपरेशन की सुविधा दी जाएगी। वहीं इसके लिए वे अपने बेहतरीन चिकित्सकों की टीम विश्वविद्यालय हेल्थ सेंटर में तैनात कराएंगे। कार्यक्रम का संचालन डा. राजेश्वर कुमार और धन्यवाद ज्ञापन रजिस्ट्रार डा. अपराजिता कृष्णा ने किया। मौके पर मौके पर एलुमनी एसोसिएशन के संयोजक संजय सिन्हा, आइक्यूएसी के निदेशक प्रो. कल्याण कुमार झा, प्रो.ओपी राय, प्रो.ममता रानी, प्रो.इंदुधर झा, प्रो. रजनीश गुप्ता, प्रो.पंकज कुमार, प्रो. टीकेडे, प्रो.पंकज कुमार राय, डा. सुनील कुमार, डा. विनोद बैठा, डा. अमर बहादुर शुक्ला, डा. रमेश विश्वकर्मा, डा. पार्वती, डा. सतीश कुमार समेत अन्य उपस्थित हुए।



विश्वविद्यालय सीनेट हाल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिहार विधान सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ( बाएं से तीसरे ) का स्वागत करते कुलपति प्रो.डीसी राय • जागरण

### हर रविवार झाड़ू लगाएंगे कुलपति

विश्वविद्यालय एनएसएस की ओर से अब पीजी विभागों का चयन कर वहां साफ-सफाई में स्वयंसेवक अहम भूमिका निभाएंगे। कुलपति ने कहा कि एनएसएस समन्वय स्थापित कर सप्ताह में एक पीजी विभाग का चयन कर वहां साफ-सफाई की जाएगी। कुलपति हर रविवार को झाड़ू लगाएंगे। उन्होंने सभी को सफाई के लिए प्रेरित किया। कहा कि एनएसएस केवल सर्टिफिकेट बांटने की संस्था नहीं वह सेवा भाव के लिए समर्पित है।

**RASHTRIYA SAHARA, MUZAFFARPUR, DATE : 03.10.2024, PAGE-08**

# सत्याग्रह के विचार से हासिल की गई आजादी को अक्षुण्ण रखने के लिए वर्तमान के देश विरोधी ताकतों से हो हमारा सख्त विरोध : नंदकिशोर यादव

**मुजफ्फरपुर (एसएनबी)।** बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर बिहार विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय भवन के सीनेट हॉल में बुधवार को 'गांधी जयंती सह स्वास्थ्य केंद्र उद्घाटन समारोह' का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सह मुख्य वक्ता एवं उद्घाटनकर्ता बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने विश्वविद्यालय स्थित स्वास्थ्य केंद्र का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया।

सीनेट हॉल में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने स्वास्थ्य केंद्र के उद्घाटन को लेकर कुलपति प्रो.दिनेश चंद्र राय की प्रशंसा करते हुए कहा कि गांधी के जन्म जयंती के अवसर हुए किया

## बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने बीआरए बिहार विवि में स्वास्थ्य केंद्र व एलुमनी कार्यालय का किया उद्घाटन

गया यह कार्य निश्चित रूप से सराहनीय है।स्वच्छता के प्रभाव को रेखांकित करते हुए उन्होंने भारत सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की विस्तार पूर्वक चर्चा की। प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ किए गए स्वच्छता अभियान को इस संदर्भ में रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि सत्याग्रह के विचार से हासिल हुई अपनी आजादी को अक्षुण्ण रखने की आवश्यकता है। यह आजादी हमने सत्याग्रह के विचार से हासिल किया है। इसलिए सत्याग्रह को आज इस रूप में लेने की जरूरत है कि देश विरोधी ताकतों



स्वास्थ्य केन्द्र का उद्घाटन करते बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव।

से हमारा सख्त विरोध होना चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो दिनेशचंद्र राय ने स्वच्छता के प्रति प्रधानमंत्री के संकल्प की याद दिलाते हुए कहा कि स्वच्छता के प्रति दृढ़ संकल्पित रहने की आवश्यकता है। इस अवसर पर उन्होंने गांधी की स्वच्छता, सत्याग्रह एवं स्वदेशी की चर्चा करते हुए व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक जीवन में उस पर अमल करने की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं पूर्व मंत्री सुरेश शर्मा ने महात्मा गांधी के प्रति श्रद्धा निवेदित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय ने स्वास्थ्य केंद्र को पुनः प्रारंभ करके नेक कार्य किया है, इसके लिए कुलपति धन्यवाद के पात्र है। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र से रेफर्ड रोगियों का आरडी जेएम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने की घोषणा की। इससे पूर्व कुलानुशासक प्रो विनय शंकर राय ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि कुलपति जी के प्रयास से वर्षों से बंद पड़े स्वास्थ्य केंद्र की पुनः शुरुआत की गई है। वहीं अलमुनि एसोसिएशन के कार्यालय का भी उद्घाटन किया गया है। उन्होंने कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय के हित में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों से विधानसभा अध्यक्ष को अवगत कराया। डॉ.के.के.चौधरी ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र की सुविधा छात्र-छात्राओं, कर्मचारियों एवं प्राध्यापकों के लिए निःशुल्क है। भारत विकास परिषद ने विश्वविद्यालय एवं प्रसाद हॉस्पिटल के बीच हुए त्रिपक्षीय समझौते का उल्लेख करते हुए परिषद के कार्यों से उपस्थित जनों को अवगत करवाया। इस मौके पर डॉ.राजेश जायसवाल एवं डॉ वैभव को विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने सम्मानित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विधानसभा अध्यक्ष ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की प्रतिमा व तस्वीर पर माल्यार्पण कर जयंती पर दोनों महान विभूतियों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के पदाधिकारीगण, प्राध्यापकगण, विभागाध्यक्षगण, संकायाध्यक्षगण, कर्मचारीगण, शोध छात्र-छात्राएँ, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में आमलोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.राजेश्वर कुमार ने तथा धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डॉ.अपराजिता कृष्णा ने किया. राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।